**20वीं सदी के उपकरण का हो रहा प्रयोग**

# रिम्स का नाम बढ़ा मैन पावर नहीं

**मनोज मिश्रा**




**रांची।** राजेन्द्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) जिसे पहले राजेन्द्र चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (आरएमसीएच) के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापना 1960 ई में हुई। दरअसल जयपाल सिंह मुंडा ने यह मांग उठाई थी कि आदिवासियों का इलाज सही ढंग से नहीं होता है,इसके बाद यह अस्पताल अस्तित्व में आया। झारखंड राज्य अलग होने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आरएमसीएच को एम्स दिल्ली की तरह इलाज उपलब्ध कराने को लेकर विशेष पहल की जिसके बाद ही आरएमसीएच को रिम्स में बदला गया। 15 अगस्त 2002 में रिम्स बनने के बाद यह उम्मीद जताई जा रही थी अब राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल झारखंड में रहने वाले सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को लाभ पहुंचाएगा। इसे एम्स की तरह सुचारू रूप से चलाने की अच्छी कोशिश की गई। रिम्स बनने के बाद व्यवस्थाओं में अनेक परिवर्तन हुए सुधार हुआ।ऑन्कोलॉजी सेंटर, ट्रॉमा सेन्टर और सेंट्रल इमरजेंसी बने न्यूरोसर्जरी,कार्डियोलॉजी,पीडियाट्रिक सर्जरी और क्रिटिकल केयर विभाग में डीएम, एमसीएच की पढ़ाई भी शुरू की गई। अभी कुछ दिन पूर्व इसे नेक्सटजेन में कनवर्ट भी किया गया। 2002 से पूर्व जहां प्रतिदिन 1200 से 1300 मरीजों का इलाज किया जाता था, वहीं 2002 के बाद से अभी जनवरी 2025 में 2500 से 3000 मरीजों का प्रतिदिन इलाज हो रहा है। 500-500 बेड के दो हॉस्टल एक बालक और एक बालिकाओं के लिए बना। परंतु समय-समय पर इसकी खामियां भी देखने को मिली है। आज भी यहां लगे उपकरण 20 वीं सदी के है जो किसी काम के नहीं रह गए हैं। एमआरआई की सुविधा आज भी उपलब्ध नहीं पुरानी मशीनें खराब है जिसे न तो बनाया गया और न ही नए उपकरण लगाए गए हैं। इस तरह के और भी अनेक उपकरण जो नहीं बदले गए हैं नतीजा यह हुआ कि है कि मरीजों को अपने पैसों से जांच करानी पड़ रही है। इन सबके बीच जो बड़ी अव्यवस्था शुरू से आज तक बनी है वह है मैन पावर की कमी। जिस ढंग से मरीजों का लोड रिम्स में बढ़ा है उस अनुपात में डॉक्टर, टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर हों या अन्य सभी विभागों एवं इसकी इकाईयों में मैन पावर नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में मरीजों के इलाज में बड़ी समस्या उत्पन्न हुई है जिसे अभी तक नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एम्स की तरह रिम्स में इलाज कराने की पहल करने की बात अपने कार्यक्रमों में कहते आ रहें हैं। बहरहाल, रिम्स में इलाज की बात हो या महिला सुरक्षा की सभी बदहाल हालत में हैं। एम्स दिल्ली की तरह झारखंड के लोगों का इलाज रिम्स में हो यह सपना जयपाल सिंह मुंडा ने देखा था, उनका यह सपना पूरा होने में अभी और कितना समय शेष है यह कि सी को पता नहीं।

# ओल्ड ऐज होम को समाज कल्याण विभाग का है इंतजार, अधिकारी मौन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




करोड़ों की लागत से बना वृद्धाश्रम फिर से एक बार बना कर लावारिस छोड़ दिया गया है। हालांकि वृद्धाश्रम से संबंधित अधिकारियों ने 18 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत के दौरान कहा था कि विस चुनाव के लिए लगे आचार संहिता के बाद वृद्धाश्रम का संचालन किया जायेगा लेकिन आज इस बात को करीबन 2 महीने हो गए आज भी वृद्धाश्रम में ताला लगा हुआ है। अधिकारियों से संवाददाता द्वारा संपर्क साधने का प्रयत्न किया लेकिन वृद्धाश्रम के विषय पर अधिकारी कोई टिप्पणी ही नहीं करना चाहते हैं। दरअसल राजधानी के मोरहाबादी से कुछ दूर आगे चिरौंदी में वृद्धाश्रम का शिलान्यास वर्ष 2016 में जिला समाज कल्याण विभाग रांची ने किया था। उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार थी और रघुवर दास मुख्यमंत्री थे। वृद्धाश्रम के भवन का निर्माण कार्य काफी तेजी से हुआ। बेघर बुजुर्गों के लिए वर्ष 2018 तक आलीशान भवन करीब ढाई करोड़ की लागत से बन कर तैयार हो गया। लेकिन, इसके बनने का फायदा बुजुर्गों को नहीं हुआ। इस वृद्धाश्रम के दरवाजे बेघर वृद्धों के लिए कभी खुले ही नहीं। चिरौंदी में वृद्धाश्रम बने छह वर्ष गुजर गए, लेकिन अब तक बेघर बुजुर्ग बेघर ही हैं, क्योंकि उन्हें इस वृद्धाश्रम में ठिकाना नहीं मिला। संबन्धित अधिकारियों के पास कोई जवाब ही नहीं है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा मूल्यपरक है: डॉ जंग बहादुर पाण्डेय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय देवघर में इंडियन नॉलेज सिस्टम एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (भारतीय ज्ञान परम्परा और कृत्रिम मेधा) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि मनुष्य की चार मौलिक आवश्यकताएं हैं -भोजन, वस्त्र, आवास और शिक्षा। क्रम से तो शिक्षा चौथे नंबर पर है, लेकिन गुणवत्ता और महत्व की दृष्टि से शिक्षा प्रथम पद की अधिकारिणी है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को प्रबोधते हुए कहा कि ज्ञान संसार में पवित्रतम तत्व है। भारत केवल कृषि प्रधान देश नहीं, अपितु ऋषि प्रधान देश रहा है। ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ माना जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा नैतिकता और मूल्य परक रही है, जबकि कृत्रिम मेधा व्यावसायिक और रोजगार परक रही है। भारत के विश्व गुरु बनाने का आधार ज्ञान परक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी बराबर कहा करते हैं कि भारत युवाओं का देश है। भारत की 65 प्रतिशत आबादी युवा है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि युवा को उलटने पर वायु शब्द बनेगा। अर्थात,युवा इस देश की प्राण वायु है।

विशिष्ट अतिथिदेवघर के पुलिस उपाधीक्षक व्यंकटेश कुमार ने कहा कि हमें दोनों में संतुलन बनाकर चलना चाहिए। तभी 1947में विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के शोध छात्र लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक को समयनिष्ठ, अध्ययनशील और अनुशासन प्रिय होना चाहिए।संगोष्ठी में विषय प्रवेश कराते हुए राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची के विद्वान प्राध्यापक डा ओम प्रकाश ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु को सर्वोपरि स्थान प्राप्त है।

**आज / कल**




## लाइट हाउस प्रोजेक्ट सोसाइटी का चुनाव 9 को

**रांची।** लाइट हाउस प्रोजेक्ट लाभुक मेंटेनेंस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की 21 सदस्यीय समिति के चयन के लिए नौ फरवरी को चुनाव होगा। इस चुनाव में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ मैनेजिंग कमेटी के 17 सदस्यों का चयन किया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को नामांकन पत्र जारी किया गया। बताया गया कि 25 जनवरी तक चुनाव में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। उम्मीदवार दो पालियों में एलएचपी धुर्वा के फ्लैट नंबर जी-313 में सुबह आठ से 10 बजे और द्वितीय पाली में शाम छह से रात 10 बजे तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। वहीं, 28 जनवरी तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे।

## निजी बस संचालकों की मनमानी से यात्रियों की सुरक्षा खतरे में

# बस स्टैंड के बजाए कहीं भी पैसेंजर उतारने पर मनमाना किराया वसूलते हैं ऑटो चालक

- **बिरसा बस स्टैंड सहित अनेक बस स्टैंड के संचालक कर चुके है आपत्ति**
- **मुख्य सड़कों पर यात्री उतारने या चढ़ाने से लगती है जाम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दो चर्चित बस स्टैंड है जहां से बसे निकलती है और दूसरे जिले या राज्यों से आए यात्रियों को उसी बस डिपो पर छोड़ना है। लेकिन राजधानी में बस चालकों के मनमानी के कारण यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रांची खादगढ़ा बस डिपो या रांची स्टेशन स्थित सरकारी बस डिपो या संबंधित बस डिपो पर ही यात्रियों उतारने का प्रावधान है। लेकिन बस चालक कई बातों का हवाला देकर खेलगांव मोड़ में ही बसे रोक देते हैं कई बार तो बूटी मोड में ही बसे रोक दी जाती है। सुबह बसे कही भी बसें रोक देने से यात्रियों की सुरक्षा और जान माल का खतरा बढ़ जाता है। निजी बस संचालकों की मनमानी से वैसे यात्री अधिक परेशान होते हैं जिनको डालटनगंज, चतरा, गुमला जैसी जगहों के लिए बसे लेनी होती है जो आईटीआई बस स्टैंड में मिलती है। वहीं बस संचालकों की मनमानी से बस स्टैंड के संचालक भी परेशान हैं।

**बस चालक नो एंट्री का हवाला देकर खेलगांव में ही यात्रियों को उतार देते हैं**

बूटी मोड से कुछ दुरी पर खेलगांव मोड़ के पास बस चालक बसों को रोक देते हैं। जबकि कायदे से सभी बस चालकों को यात्रियों को बस डिपो पर ही उतारना चाहिए। कई बार बस चालकों की मनमानी का विरोध करने पर खलासी व बस चालक यात्री के साथ अभद्रता भी कर देते हैं। वैसे यात्री जो रांची को अच्छे से नहीं जानते हैं उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अमूमन बस चालक देर रात यानी नो एंट्री खत्म होने के 1 घंटे पहले यदि रांची पहुंच जाते है तो वह यात्री को एक घंटे तक बैठा कर रखते हैं। या फिर मनमाने ढंग से बस से उतर देते हैं। जबकि परिवहन विभाग की ओर से नो एंट्री के दौरान बस चालकों के लिए रूट मैप दिया है जिस पर पहले से बस चलती आ रही है लेकिन दिन ब दिन चालकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जिसका शिकार आए दिन यात्री हो रहे हैं।



**उठते सवाल**

1. परिहन विभाग के अनुसार हेल्प लाइन नंबर पर यात्री शिकायत कर सकते हैं लेकिन दुसरे जिलों से आने वाले यात्रियों को पता है किस नंबर कर करना है शिकायत?
2. बूटी मोड के किसी कोने में इस विषय की जानकारी या हेल्प लाइन नंबर नहीं है, यह किसकी जिम्मेदारी है?
3. लंबे समय से बस चालक मनमानी करते आ रहे हैं जिसका सिलसिला आज भी कायम है बस चालकों को सजा से अवगत या नियमों से जागरूक करवाने की जिम्मेदारी किसकी?
4. बस चालक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पूरा किराया वसूलते हैं फिर अधूरे ही पहुचाते हैं ये जिम्मेदारी किसकी?
5. बस किराया देने के बावजूद यात्री को ऑटो का अलग से किराया देना पड़ता है जिम्मेदारी किसकी?
6. जब परिवहन विभाग या यातायात का नियम नहीं ही है कि यात्रियों को खेलगांव में उतरा जाए तो क्या बस चालकों ने अपने लिए अलग नियम बना लिया है?

**संबंधित विभागों ने कहा ऐसा करने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

डीटीओ अखिलेश कुमार ने कहा- यदि कोई बस चालक यात्रियों को उनके गंतव्य से पहले नोएंट्री का हवाला देकर उतार देते हैं तो वह डीसी द्वारा जारी 9430328080 शिकायत नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा शिकायत करने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बस का लाइसेंस रद्द करवा दिया जयेगा।

यातायात एसपी ने कहा- बसों को संबंधित बस डिपो पर ही रोका जाना है। ताकि यात्रियों को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा यदि कोई बस चालक ऐसा करते हैं या यात्री के साथ कोई अभद्रता करते है तो उसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 8987790601 पर यात्री कर सकते हैं। जिसके बाद उस बस चालक और बस पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा नो एंट्री में यानी रात के 10 बजे से पहले बस आ रही है तो दिए गए रूट मैप के अनुसार ही बस चालकों को संबंधित बस डिपो पर यात्रियों को बस से उतारना है।

## साइबर अपराध की घटनाएं चिंताजनक : एफजेसीसीआई

**रांची।** चैंबर भवन में आईटी उप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित संत जेवियर स्कूल के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रमुख डॉ. संतोष कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा और अल्तमश आलम ने बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अपराधों की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। बैठक के दौरान, झारखंड सरकार के डीजीपी और संबंधित पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर एक कार्यशाला आयोजित करने और जिला प्रशासन को भी इसमें सम्मिलित करने पर चर्चा की गई। व्यापारियों को ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग के लाभ के बारे में एक कार्यशाला आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि ने इस विषय पर एक सत्र आयोजित करने की इच्छा जताई गई।

## धुर्वा डैम में युवती ने लगाई छलांग, शाम तक नहीं मिली

**रांची।** पिस्कानगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम में मंगलवार की दोपहर एक अज्ञात युवती द्वारा छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही नगड़ी थाने के एसआई सत्येन्द्र चौबे पुलिस बल के साथ धुर्वा डैम पहुंचे और डैम के किनारे से युवती का चप्पल बरामद किया। मौके पर दो लोगों ने पुलिस को बताया कि एक युवती ने डैम में छलांग लगाई है। शाम होने तक युवती का कुछ पता नहीं चल पाया था। बुधवार को एनडीआरएफ की टीम युवती की तलाश करेगी। धुर्वा डैम में इन दिनों डूबकर आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ी हैं। आत्महत्या करनेवालों में अधिकांश युवा हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा इसकी रोकथाम के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। हर वर्ष औसतन डेढ़ दर्जन से भी अधिक शव धुर्वा डैम से निकल रहे हैं। इनमें अधिकांश आत्महत्या का मामला होता है।

# नेताजी एक सच्चे देशभक्त और सबसे प्रेरक स्वतंत्रता सेनानी थे : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को मनाई जाती है। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विशेष स्थान प्राप्त किया है और उनकी बहादुरी और दृढ़ नायकत्व को कभी नहीं भुलाया जा सकता सुभाष चंद्र बोस एक सच्चे देशभक्त और भारत के सबसे प्रेरक स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। अपने साहसिक नेतृत्व और जय हिंद के नारे देने वाले बोस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के संस्थापक के रूप में उन्होंने अनगिनत व्यक्तियों को अपने देश के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा उनका जीवन छात्रों को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों के लिए अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक ओडिशा में हुआ था उनके पिता जानकीनाथ बोस एक समृद्ध वकील थे,और माता प्रभावती देवी एक धार्मिक महिला थीं। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कटक में प्राप्त की और फिर कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। बाद में उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा दी और उसमें चौथा स्थान प्राप्त किया। हालांकि, स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उनकी गहरी रुचि थी, जिससे उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गए। सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य रहे, लेकिन उन्होंने महात्मा गांधी की नीतियों से असहमत होते हुए एक अधिक क्रांतिकारी रास्ता अपनाया।

## अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों का विचार गोष्ठी, वक्ताओं ने कहा

# वीसी पोर्टल अल्पसंख्यक संस्थानों को संविधान से मिले प्रावधानों के विपरीत है



● गोष्ठी में झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन व ज्योति सिंह मथारू थे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन व ज्योति सिंह मथारू की अध्यक्षता में निर्मला कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें झारखण्ड राज्य के अल्पसंख्यक संस्थानों के अध्यक्ष एवं प्राचार्यों ने भाग लिया। गोष्ठी में अल्पसंख्यक संस्थानों में कुलपति द्वारा अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में वीसी पोर्टल से नामांकन करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। राज्य के विभिन्न संस्थानों से आए अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपना-अपना मन्तव्य रखा। गोष्ठी में भाग लेने वाले प्राचार्यों, बुद्धिजीवि वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वीसी पोर्टल को अल्पसंख्यक संस्थानों को संविधान में दिए गए प्रावधानों के विपरीत बताया। ज्ञात हो कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-29 एवं 30 है जिसमें अल्पसंख्यकों को व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक संस्थानों को अपनी संस्कृति और विरासत की सुरक्षा के लिए अपनी पंसद का शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उसे संचालित करने का प्रावधान देता है। इस संदर्भ में भारतीय उच्च न्यायलय ने भी स्पष्ट निर्देश दिया है कि अल्पसंख्यक संस्थानों को भारतीय संविधान के उक्त अनुच्छेद अनुसार प्रदत प्रावधानों को किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। संस्थानों के संचालन करना एक सामान्य प्रक्रिया है। वीसी पोर्टल संस्थान के स्वतंत्र संचालन एवं प्रबंधन के विपरीत है। वर्ष 2021 में अल्पसंख्यक को प्राईवेट कॉलेजों को वीसी पोर्टल से रखा गया या फिर इसे 2023 में संस्थान के सफल संचालन एवं प्रबंधन को इसे वीसी पोर्टल से इसके सफल संचालन एवं प्रबंधन में इसके द्वारा प्रभावित किया जा रहा है।यदि वीसी पोर्टल का उद्देश्य नामंकन प्रक्रिया में पारदर्शिता है तो अल्पसंख्यक कॉलेजों को अपना पोर्टल बनाने का अधिकार दिया जाए और इसे वीसी पोर्टल से मुक्त रखा जाए। वीसी पोर्टल से ना सिर्फ नामांकन प्रक्रिया प्रभावित कर रही बल्कि शैक्षणिक सत्र को भी 7-8 महीने डिले कर रही जो छात्र हित एवं प्रबंधन के विपरीत है। राज्य अल्पसख्यक आयोग तमाम बिन्दुओं पर विचार-विमर्श करके मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं राज्य के मुख्य सचिव के समक्ष छात्र-छात्राओं एवं संस्थान के प्रबंधन हित में बातों को रखेगी। आयोग अपने राज्य में संचालित संस्थानों की स्वतंत्रता, स्वयत्ता एवं सफल संचालन के लिए तत्पर रहेगा और प्रमुखता से सरकार के समक्ष बातों को रखेगी।दोनों उपाध्यक्षों ने इनकी समस्याओं एवं हितों की रक्षा के जिउ समुचित कारवाई का आवश्वासन दिया एवं उन्हें आवश्वस्त किया कि आयोग उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएगा एवं समस्याओं के निदान हेतु उन्हें हर समय सहयोग प्रदान करेगा। गोष्ठी में आनन्दा कॉलेज हजारीबाग के डॉ निलमनी मुखर्जी, संत जोसेफ कॉलेज तोरपा के डॉ फा. गैबरियल सुरीन, करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर के डॉ मोहम्मद रियाज, संत जेवियर कॉलेज रांची के डॉ फा. रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे, निर्मला कॉलेज डोरण्डा डॉ सि.ज्योति किस्पोट्टा, गुरुनानक कॉलेज धनबाद के प्रमुख आरएस चाहल एवं गोस्नर कॉलेज उपस्थित रहे।

**मौके पर स्वागत डॉ सि. ज्योति किस्पोट्टा निर्मला कॉलेज के प्राचार्य एवं धन्वाद ज्ञापन संत जेवियर कॉलेज के प्राचार्य डॉ फा रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे द्वारा किया गया।**

## स्कूल के प्रधानाध्यापक के खिलाफ बच्चों ने सौंपा ज्ञापन

**रांची।** कांके कुम्हरिया स्थित पीएमश्री अपग्रेडेड हाई स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं संयोजिका विनीता देवी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने डीएसई बादल राज से मुलाकात की। इस अवसर पर स्कूल के सैकड़ों छात्र एवं उनके अभिभावक मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से डीएसई को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह द्वारा किए जा रहे अनियमितता और दुर्व्यहार एवं कानून का उल्लंघन करने की बात कही। ज्ञापन में कहा गया है कि स्कूल के प्राचार्य ने स्कूल में सभी छात्रों से 100 रुपयों की राशि लेकर टाई बेल्ट और आई कार्ड दिए हैं। साथ ही मिड डे मील में मनमानी कर अध्यक्ष एवं संयोजिका को बिना कोई सूचना के मनचाहा तरीके से चलाते हैं। माह के अंतिम दिन अध्यक्ष और संयोजिका को बुलाकर दबाव बनाकर मिड डे मील की राशि का भुगतान चेक के माध्यम से अपने मनचाहा दुकान में कराते हैं। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कहा कि यह मामला चिंताजनक है। जल्द ही मामले की जांच करूंगा।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगा

- **उद्घाटन समारोह आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में**
- **राज्य और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम**
- **22 व 26 जनवरी और 8 मार्च को होंगे विशेष कार्यक्रम**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जो भारत में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए किए गए अथक प्रयासों के एक दशक का प्रतीक है। यह मील का पत्थर भारत के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर वैश्विक बदलाव के अनुरूप है, जिसे भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान प्राथमिकता दी गई थी और अब ब्राजील की जी20 की अध्यक्षता ने इसे अपनाया है।

उद्घाटन समारोह बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी।

इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता और राज्य और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जीआईजेड) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इस 10वीं वर्षगांठ का जश्न 22 जनवरी 2025 से 8 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में शपथ ग्रहण समारोह और सर्वोत्तम प्रथाओं के संग्रह का शुभारंभ शामिल होगा। इस कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया जाएगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम राज्य और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे तथा 22 जनवरी, 26 जनवरी और 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प की गतिविधियां शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जाएगा।

## एक नजर

### 17वीं वुशु चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**खलारी।** चतरा जिला अंतर्गत 17वीं वुशु चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में सरना एकेडमी कुसुमटोला के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सरना एकेडमी 23 अंक लाकर ओवरआल कैटेगरी में चैम्पियन बना। प्रतिभागी विद्यार्थियों में अर्जुन गंझू, सूरज उरांव, बिपिन तिर्की, प्रेम उरांव एवं रितिका कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं सुशांत उरांव, रीना कुमारी, आयुषी कुमारी एवं गायत्री कुमारी ने सिल्वर मेडल तथा रोहित उरांव व अनिता कुमारी ने ब्रोंज मेडल अर्जित किया। इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक महेंद्र उरांव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद का भी बहुत महत्व होता है यह अनुशासन लाता है और एक साथ मिलकर जितने की भावना को विकसित करता है।

### मतदाता दिवस पर नए वोटरों को जोड़े बीएलओ : सीओ

**मांडर।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को 15वें राष्ट्रीय मतदान दिवस जो 25 जनवरी को आयोजित होगी। इसे लेकर एक प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ लोकसभा निर्वाचन और विधान सभा निर्वाचन में उत्कृस्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,माण्डर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी चंचला कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के महत्व के प्रति जागरूक हो सकें। मौके पर विश्व नाथ सिंह मुंडा, ललित सेन गुप्ता,लेम्पा भेंगरा, मुकेश नन्द तिवारी व अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज आएंगे रांची

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर और झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिबेला प्रसाद झारखंड दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगे। वे शाम में रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और सड़क मार्ग से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और सह प्रभारी डॉ सिरिबेला प्रसाद 23 जनवरी को धनबाद में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के आवास जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। इसके बाद देवघर के सोनारीठाड़ी प्रखंड के उपरकुरा जाएंगे। उपरकुरा से मकरा पहाड़ में आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च और मिलन समारोह में भाग लेंगे और दोपहर बाद वहां से रांची लौटेंगे।

# पहली बार गैर खनन कर्मियों को मिला खान बचाव प्रशिक्षण : सीसीएल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल के रामगढ़ स्थित खान बचाव केंद्र में आयोजित 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन, बीहटा पटना के जवानों को दिया गया। सीसीएल प्रबंधन के अनुसार, यह देश में पहली बार है जब गैर-खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद ने प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। दरसअल, सीसीएल प्रबंधन के अनुसार, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। वहीं, प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करना, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करना और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों के बारे में बताया गया। मौके पर सुरक्षा एवं बचाव के महाप्रबंधक बिनोद कुमार, बचाव सेवाएं के अधीक्षक विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# बहु-हितधारक क्षमता निर्माण प्रयासों से झारखंड में बढ़ेगी जलवायु सहनशीलता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से असेसिंग वल्नरेब्लिटी एंड रिस्क्स स्ट्रैटेजिस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलिएंट झारखंड विषय पर राज्य-स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में नीति निमार्ताओं, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने एकत्र होकर झारखंड की जलवायु सहनशीलता के लिए रणनीतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए उसकी क्षमता को सशक्त बनाना था और इसमें प्रमुख संस्थाओं और संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यशाला का उद्घाटन वन विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बहु-हितधारक क्षमता निर्माण प्रयासों से झारखंड में जलवायु सहनशीलता बढ़ेगी। इसके अलावा उन्होंने राज्य के प्रयासों को राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने राज्य की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी विशिष्ट संवेदनशीलताओं को संबोधित करने के लिए सामूहिक और स्थानीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### मां काली की प्रतिमा को कराया गया नगर भ्रमण



**खलारी।** चूरी कालोनी में चल रहे चार दिवसीय महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। मंगलवार को आयोजित नगर भ्रमण कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के लिए खुले वाहन को फूलों से सजाया गया। उस पर मां काली की प्रतिमा को रखकर गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। महिलाएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर नाचते झूमते जुलूस की शक्ल में नगर भ्रमण में शामिल हुई। मां काली की प्रतिमा को शिव मंदिर परिसर में भी लाया गया जहां लोगों ने प्रतिमा का स्वागत किया। कालोनी का नगर भ्रमण करने के बाद प्रतिमा को वापस काली मंदिर परिसर लाया गया। जहां पुजारी द्वारा अनुष्ठान के साथ प्रतिमा को उतारा गया। महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। बुधवार को मां काली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद काली मंदिर परिसर में मां काली की भव्य आरती की जाएगी।

### चोंच भर बादल काव्य संग्रह का हुआ लोकार्पण



**रांची।** जिला स्कूल मैदान में लगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में बुधवार को वीणा श्रीवास्तव के काव्य संग्रह चोंच भर बादल का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन शब्दकार साहित्यिक समूह और पुस्तक मेला समिति के संयोजन से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंशुमान की सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्री अशोक प्रियदर्शी ने कवियित्री को बधाई देते हुए कहा कि, वीणा श्रीवास्तव की कविताओं में ऊंचाई है। श्री शंभू बादल ने कहा कि वीणा श्रीवास्तव की कविताएं पुरूष वर्चस्व, स्त्री उत्पीड़न और लूट खसोट के विरुद्ध आवाज है । उन्होंने एक कविता ह्लयाद रखना, मैं औरत हूँ कैक्टस में फूल खिलाना जानती हूं का पाठ किया। डॉक्टर कमल बोस ने कहा कि, कोई बड़ा काम करने के लिए धन की नहीं मन की जरूरत है । टैगोर ने कहा कि हमारे मन में एक वियोगिनी बैठी होती है । कविता यथार्थ की आत्मा है और कवि का पुरूषार्थ है। डॉक्टर बिनोद कुमार ने चोंच भर बादल के बारे कहा कि,ये कविताएं आज का सच है, कविताओं में आत्मबोध है। विशेष रूप से आमंत्रित डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि,शब्दकार की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने स्वागत करते हुए कहा कि, यह हम सब के लिए सुखद है कि, शब्दकार के सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है । कारवां बढ़ता जा रहा है। कवयित्री वीणा श्रीवास्तव ने अपनी चौथी संग्रह के बारे में बताया कि इस पुस्तक का नामकरण नामवर जी ने किया था।

### सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट का शुभारंभ



**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 जनवरी से 23 जनवरी, 2025 तक आयोजित तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 का उद्घाटन महाप्रबंधक (ओपेनकास्ट) रणदीप सिंह एवं महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 के उद्घाटन सत्र में पुरूष वर्ग के लिए आयोजित 1500 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के केशव चन्द्र राय-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार राय-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बिलासपुर के ही श्री शैलेन्द्र रहे। वहीं महिला वर्ग के लिए आयोजित 100 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की अंजली-द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की मार्था एस0 होरो रहीं।

### टुसू मेले का हुआ समापन



**अड़की।** अड़की में दो दिवसीय विराट टुसू मेला सह फुटबॉल खेल का मंगलवार को समापन हो गया। मेले में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी और आकर्षक चौड़ल के साथ नाच-गान प्रस्तुत करने वाले चौड़ल दल को पुरस्कृत किया गया। फुटबॉल खेल में ए और बी दो ग्रुप में खेल हुआ, जिसमें फाइनल मैच में एफसी डीए भी बुण्डु और आयुस बडर के बीच मुकाबला हुआ। एफसी डीए भी बुण्डु ने आयुस बडर को 0-1 गोल से हराकर विजयी हासिल की। विजयी टीम के खिलाड़ियों को खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया।मेले में मुख्य रूप से तमाड़ विधायक बिकास कुमार मुंडा उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को टुसू पर्ब की हार्दिक शुभकामनाएं दी और खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पित भाव से खेल प्रदर्शन करने को लेकर प्रोत्साहित किया।मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में गांव के राजेश मुंडा, सुनिल दत्ता, रमेश कुमार, मनोज मंडल, अर्जुन मुंडा, मुकेंद्र मुंडा, अजिताभ कुमार, शिवचरण मुंडा, खुदीराम मुंडा, जयकिशन मुंडा आदि का सराहनीय भूमिका रही।

### श्रीश्याम मंदिर में श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन



**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को 137 वां श्रीसुन्दरकाण्ड - श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की। श्रीसुन्दरकाण्ड - श्रीहनुमान चालीसा का पाठ में भक्तजन श्री हनुमानजी महाराज की आराधना में लीन रहे। पाठ वाचक मनीष सारस्वत,ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित सैकड़ों भक्तों से सामुहिक पाठ करवाया। महाआरती करके प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़निया, राजेश जायसवाल, पुष्पा देवी पोद्दार, मुकेश मित्तल, श्यामसुंदर शर्मा, अंकित सिंह, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमंत्री अनिल नारनोली ने बालाजी की दिव्य अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की।

### जेईई मेंस परीक्षा में केंद्रों के 300 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा

**रांची ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 22 से ली जाने वाली जेईई मेंस परीक्षा में सेंटर के तीन सौ मीटर तक के दायरे में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस बीच साइबर कैफे, फोटो कॉपी एवं प्रिटिंग की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा तीन पालियों में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, अरुनिमा टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और फ्यूचर ब्राइट केंद्र पर ली जाएगी। कदाचारमुक्त परीक्षा कराने और विधि-व्यवस्था के लिए डीसी और एसएसपी ने दंडाधिकारी लगा दिए हैं।

### शराब कारोबारी की याचिका पर सुनवाई 30को

**रांची।** शराब घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट में मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन समय लिया गया। योगेंद्र तिवारी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 19 दिसंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। ईडी ने उक्त आरोप में 19 अक्तूबर 2023 को गिरफ्तार किया था।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए 218 गांवों में खिलाई जाएगी दवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर डीडीसी की अध्यक्षता में फाइलेरिया कार्यक्रम के तहत जिला टास्क फोर्स और जिला समन्वयक समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। इसके तहत जिले के कुल 218 गांवों में 646 दवा प्रशासक 10 फरवरी को बूथ और 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे।

1 से 2 वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी में घोलकर खिलाना है। फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए इस वर्ष 2025 में रांची जिले के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरमांझी एवं तमाड़ में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसमें कुल 279350 व्यक्तियों को डीईसी अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी से प्रत्येक वर्ष उम्र के अनुसार एक खुराक डीईसी एवं अल्बेंडाजोल खाकर बचा जा सकता है।

### 30 जनवरी से चलेगा कुष्ठ रोग खोज अभियान

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान कार्यक्रम, 30 जनवरी से कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) एलसीडीसी अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान जिन-जिन गांवो में विगत पांच वर्षों के अंदर कुष्ठ रोगी मिले हैं, वहां सहिया एवं पुरुष स्वयं सेवक द्वारा घर-घर जा कर लोगों की शारीरिक जांच की जाएगी एवं उन्हें कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस बिमारी को लेकर केन्द्र से लेकर राज्य सरकार तक इससे मुक्त होना चाहती है। ताकि हमारा देश एक सही हो सके। इस पर रज्य सरकार की भी काफी प्रयास हो रहा है और फायलेरिया जैसे रोगों से एक दिन जरूर मुक्ति मिलेगी।

### कारा सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कारा सुरक्षा की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने जेल सुरक्षा को मजबूत बनाने, कैदियों की निगरानी के लिए अतिरिक्त वॉच टावर बनाने और जेल परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसीटीवी की स्थिति का आकलन करते हुए समय पर उसकी उसकी मरम्मत और अद्यतन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी से समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जेल सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक, डीएसपी, एसडीपीओ और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# रेशम उद्योग के पहलुओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची में आईएफएस अधिकारियों के लिए तसर रेशम उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में डॉ एनबी चौधरी निदेशक, सीएसबी सीटीआरटीआई रांची ने तसर उद्योग के वर्तमान एवं भावी परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा किया. इस कार्यक्रम के तहत आईएफएस अधिकारियों ने संस्थान के विभिन्न अनुभागों का दौरा किया. भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों ने संस्थान के इन्कूबेशन सेंटर का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम का संयोजन आईसीएफआरई-वन उत्पादकता संस्थान द्वारा किया गया. आईएफएस अधिकारियों के इस दल में महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, छत्तीसगढ़, राजस्थान और बिहार कैडर के पदाधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने संस्थान में लगाए गए विभिन्न तसर पौधों की नर्सरी, कीटपालन धागाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया. तसर पौधों की नर्शरी को कलम विधि से तैयार की तकनीक का अध्ययन किया और तसर के साथ सह खेती पर चर्चा किया।

## हाईकोर्ट ने बीसीसीएल पर लगाया 2 लाख रुपए का जुर्माना

# कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश रद्द




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खडंपीठ में कोयला का परिवहन कंपनी सुशील एंड कंपनी को काली सूची में शामिल करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात खंडपीठ ने बीसीसीएल पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। अदालत ने उक्त राशि चार सप्ताह में कंपनी को देने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि बीसीसीएल ने अपने स्तर से कोई जांच नहीं की और न ही कंपनी की ओर से उठाए गए मुद्दों को शामिल करते हुए आदेश जारी किया है।कंपनी को अनिश्चितकाल के काली सूची में शामिल कर बीसीसीएल ने गैरकानूनी कृत्य किया है। इसलिए बीसीसीएल को दो लाख रुपए कंपनी को देना होगा। सुशील एंड कंपनी की ओर से अधिवक्ता रूपेश सिंह पक्ष रखते हुए कहा कि कंपनी के खिलाफ धनबाद में कोयला चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें कहा गया कि धनबाद के गजलीटाड़ से तीन ट्रक कोयला मुनीडीह वाशरी की जगह बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। 30 जून 2012 में दर्ज प्राथमिकी के बाद बिना कोई पक्ष सुने ही बीसीसीएल ने सुशील एंड कंपनी को काली सूची में डाल दिया। इसके खिलाफ एकल पीठ में याचिका दाखिल की गई। एकल पीठ ने वर्ष 2014 में कंपनी के आवेदन पर बीसीसीएल को सुनवाई करते हुए निर्णय लेने का आदेश दिया। लेकिन इउउछ एक बार फिर बिना जांच और कारण बताए ही कंपनी के आदेश को निरस्त कर दिया, जबकि कंपनी की ओर से सारी स्थितियों के बारे में बीसीसीएल को जानकारी दी थी।

# अवैध खनन और परिवहन मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों के जरिये की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैध खनन और परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआई, सीओ और थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया जाए। बैठक में उपायुक्त ने कैटेगरी-1 के तहत पंचायत स्तर के घाटों को सक्रिय करने और मुखिया समेत अन्य पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया। संचालित स्टॉक यार्ड से बालू प्राप्त करने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्टॉक यार्ड के जरिये यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच और कार्रवाई का भी निर्देश डीसी ने दिया। उल्लेखनीय है कि खूंटी जिले में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के जरिये संचालित डोड़मा एवं पांडू बालू स्टॉक यार्ड से बालू की खरीदी की जा सकती है। इसके लिए वेबसाइट पर पंजीकरण कर बालू प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही छह निजी स्टॉक यार्ड भी संचालित है। इनमें सोदे रनिया, बकसपुर जरियागढ़, अरमेरा तोरपा, सरगेया अड़की, मेरोमबीर रनिया एवं तपकरा स्थित स्टॉक यार्ड शामिल हैं।

# दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रंबल स्ट्रिप और साइनेज बोर्ड लगाएं : उपायुक्त

*यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए*




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप और साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दिया है। उपायुक्त मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट एंड रन जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान किया जाए। झारखंड सरकार के गुड समेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर हस्ताक्षर अभियान के तहत अपना हस्ताक्षर कर और सड़क सुरक्षा से जुड़े सेल्फी पॉइंट पर फोटों खिंचवाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना हस्ताक्षर कर एवं फोटों खिंचवाकर जागरूकता का संदेश दिया। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं और सड़क पर सावधानी बरतें।

## डीसी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की हुई समीक्षा

# स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित सभी एंबुलेंस को करें दुरुस्त : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने दिसंबर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। NH-143, पथ निर्माण विभाग, एवं नगर परिषद् द्वारा शहरी क्षेत्र में दुर्घटना से निजात पाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली।उपायुक्त महोदय ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े शौचालय को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे की अतिक्रमण हटाओ संबंधी कार्यों को भी समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एंबुलेंस व्यवस्था को पूर्ण रूप दुरूस्त रखने की बात कहीं। वहीं विद्युत विभाग को शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे के पुराने पोल को एक सप्ताह के अंदर हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा किया गया। उन्होंने हिंट एंड रन से संबंधित लंबित सभी मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं समय पर दुर्घटना मुआवजा राशि लाभुकों को मुहैया कराने की बात कहीं। तथा दिसंबर माह में हुए सड़क दुघर्टनाओं का एक - एक कर समीक्षा किया। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला परिवहन पदाधिकारी सजंय बखला, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कल्याण गुरुकुल सिमडेगा द्वारा फ्लैग ऑफ व नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन



सिमडेगा:कल्याण गुरुकुल में मंगलवार को फ्लैग ऑफ व नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर छात्राओं को नियुक्ति-पत्र दिया। इस दौरान कल्याण गुरुकुल, बीरू के 32 वें बैच के कुल 28 युवाओं का प्लेसमेंट जबलपुर एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में हुआ है। उपायुक्त ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए लंबे समय तक कार्य करके एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने वाली सलाह दी। उन्होंने छात्रोंओं को शिक्षा की महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का मूल उद्देश्य है ज्ञान प्राप्त करना, दूसरा है कौशल विकास करना और तीसरा है चरित्र निर्माण करना। यह जो तीन मुल उद्देश्य है जिसे ध्यान में रखते हुए विश्व भर की सरकारें इसी से शिक्षा की नीति बनती है। उन्होंने कहा कि जो बच्चों बेहतर पढ़ाई नहीं कर पाते है या बोर्ड परीक्षा के बाद आर्थिक स्थिति एवं विधि कर्म से पढ़ाई छोड़ देते हैं। वैसे युवाओं सरकार द्वारा बनाए गए इस संस्था से उनकी कौशल विकास कर आपना जीवन को बेहतर बनाया जाता है। उन्होंने सभी बच्चों को काम के साथ-साथ अपने चरित्र का भी निर्माण करने की बात कही।ज्ञात हो कि कल्याण गुरुकुल फाउंडेशन व कल्याण विभाग झारखंड सरकार की साझा पहल है, जिसमें ड्रॉप आउट युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाता है। मौके पर गुरुकुल के प्राचार्य भूपेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ प्रशिक्षक शक्तिपद साहू, मल्टीस्किल ट्रेनन कपिलदेव कुमार, फॉर्मवर्क कारपेंटर ट्रेनर रमेश उराँव सहित अन्य मौजूद थे।

## 28 फरवरी तक एक लाख लोगों को झामुमो का सदस्य बनाने का लक्ष्य : अनिल कंडुलना

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झामुमो संयोजक प्रमुख सिमडेगा अनिल कंडुलना के नेतृत्व में सिमडेगा परिषदन में मंगलवार को एक विशेष बैठक की गयी ।इस बैठक में जिला के सभी 10 प्रखंडों के प्रखंड संयोजक मंडली का गठन किया गया साथ ही प्रखंड संयोजक मंडली के सदस्यों को ये निर्देश दिया गया कि दिनांक 21जनवरी से 05 फरवरी तक पंचायत समितियों का गठन कर जिला संयोजक मंडली सिमडेगा के समक्ष यथा संभव जामा करेंगे। इस बैठक में संयोजक प्रमुख अनिल कांडुलना ने कहा कि 28 फरवरी तक 1 लाख झामुमो के नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी प्रखंडों के संयोजक मंडली तत्काल प्रभाव से लग जाएं। इस बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया और एक लाख लोगों को सदस्य दिलाने का संकल्प लिया गया केंद्रीय समिति के आदेशानुसार पार्टी के सदस्यता अभियान एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कमिटी के पुर्नगठन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी के सभी स्तरीय नेता के साथ एक जुट होकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और अगले महीने तक सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रखंड, नगर और पंचायत समितियों का गठन भी किया जाएगा। सभी संयोजक मण्डली सदस्य बूथ स्तर तक जाएंगे और नए सदस्य जोड़ने का काम करेंगे। श्री कंडुलना ने बैठक में मौजूद सभी संयोजक सदस्यों को बधाई भी दिया और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर लोगों को झामुमो से जोड़ने के अपील की। संयोजक सदस्य मो सफीक खान ने कहा - सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की आगे उन्होंने कहा पार्टी को मजबूत करना और सभी वर्ग और उम्र के लोगों को पार्टी से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य। बैठक के बाद संयोजक मंडली सिमडेगा द्वारा मेरोमडेगा पंचायत के महुआ टोली में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें भारी संख्या में झापा एवं भाजपा के सदस्यों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक के बाद सदस्य अभियान में संयोजक मण्डली सदस्य मो सफीक खान, नारायण मांझी, बिरजो कंडुलना,संजीव डांग, मो साबिर अंसारी, फूलकुमारी समद,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो मौजूद थे।

## "पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम" का आयोजन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर सिमडेगा जिले के बानो थाना परिसर में आज पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ।कार्यक्रम को लेकर बानो थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण किया जाना एक अच्छे प्रशासन की बुनियादी आवश्यकता है ।विशेषकर पुलिस के विरूद्ध नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने एवं उसका निवारण करना लोकोन्मुख प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करना एक आवश्यक कदम है ।उसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एवं पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु "पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम"आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम में लेकर आने और उसका समाधान कराने के साथ साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## मुख्यालय में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय के गंझु मैदान में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. वहीं शैल्य चिकित्सा पदाधिकारी रामदेव पासवान सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि 20 से 24 जनवरी तक राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है ।शिविर मे सभी प्रकार के बीमारी का इलाज किया जा रहा है. उन्होने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य से संबधित जितनी. भी योजना है उन्हें आम लॉगिन तक पहुँचाना हमारा उदेश्य है।आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड. बनाना हमारा काम है। कैंसर इलाज क लिए सहायताराशि पांच लाख रूपये दी जाती है वही आयुष्मान कार्ड मे पांच लाख रुपए तक क इलाज होता है।पारिवारिक योजना, एन एस वी आदि मे सहायता राशि दी जा रही है।इसके साथ कई योजनाएं जिसकी जानकारी एवं लाभ देने के लिए यह शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर मे कुल 22 स्टॉल लगाए गए. प्रत्येक स्टॉल पर हर बीमारी की जांच के बाद दवा दिया गया । जिससे कि मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, आई.ई.सी , मोतियाबिंद जांच/ आंखों का जांच, ईएनटी जांच, दंत चिकित्सा जांच, अनेमिया जांच/ पोषण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टी.बी. नियंत्रण, मलेरिया फाइलेरिया जांच, सिकल सेल जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, टेली कंसल्टेशन, आयुष्मान कार्ड, दवा वितरण, किशोर स्वास्थ्य, एमसीडी ओपीडी इत्यादि जांच किया गया। साथ ही मिशन परिवार विकास अभियान के तहत जागरूकता रथ हरी झंडी दिखाकर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बोलबा, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बोलबा, के निकाला गया। इस स्वास्थ्य मेला का ग्रामीणों ने भारी संख्या में लाभ उठाया।

## कंप्यूटर शिक्षक के अभाव में बानो के जामतई स्कूल में धूल फांक रहे हैं कंप्यूटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमतई में कंप्यूटर शिक्षक के अभाव में प्रोजेक्टर और कंप्यूटर धूल फांक रहा है। रखरखाव के अभाव में प्रोजेक्टर और कंप्यूटर खराब होने की स्थिति में पहुंच गया है।वहीं विधार्थियों को भी कंप्यूटर शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है।छात्र-छात्राओं को स्मार्ट क्लास के तहत कंप्यूटर,प्रोजेक्टर,आदि उपलब्ध कराया गया ताकि छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा का ज्ञान प्राप्त हो।बानो प्रखंड के जमतई पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमतई में आठवीं कक्षा तक पढ़ाई होती है जिसमें 169 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।विधालय में दो सरकारी समीम अख्तर,सतिश कुमार पांडे,एक सहायक शिक्षक हरिशचंद्र साहू पदस्थापित है।विधालय में केजी से आठवीं तक पढ़ाई होती है जिसमें केजी में 10,कक्षा 1 में 19, कक्षा 2 में 12,कक्षा 3 में 14, कक्षा 4 में 21,कक्षा 5 में 29, कक्षा 6 में 21,कक्षा 7 में 20,कक्षा 8 में 23 कुल 169 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।वर्ग 8 तक मात्र 3 शिक्षक होने के कारण शिक्षकों को पठन-पाठन कार्य कराने में काफी परेशानी होती है।तीन शिक्षकों को वर्ग 8 तक की कक्षा को संचालित करने में काफी असुविधा होती है जिसके कारण अक्सर 6से 8तक के बच्चों को नीचे वर्ग तक के बच्चों को पढ़ाई कराने में मदद करना पड़ता है।विधालय भवन के कमरों की स्थिति भी जर्जर हो रही है, देखभाल के अभाव में शौचालय की स्थिति भी जर्जर हो गई है जिससे मरम्मत करने की आवश्यकता है।मतदान केंद्र बनाए जाने के कारण एक नया शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन बच्चे अधिक होने के कारण बच्चों को परेशानी होती है।

## सिमडेगा के व्यवसाई ने निभाई अतिथि देवो भवः की परंपरा

**सिमडेगा।** अपने आथित्य के से लिए शुरू से पहचान बनाए हुए है। सिमडेगा की इसी आतिथ्य परंपरा को आज एक व्यवसाई ने निभाई। कलिंगा लेंजर की हॉकी टीम मंगलवार ओडिसा से रांची जाने के दौरान सिमडेगा के एक नामी रेस्टोरेंट में रिफ्रेसमेंट के लिए रुकी। इस टीम में 08 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल थे। रेस्टोरेंट संचालक अजित नौरंगी ने सभी खिलाड़ियों का जमकर आतिथ्य किया। सभी खिलाड़ियों को चाय नाश्ता कराया। जब टीम के मैनेजर ने रेस्टोरेंट के बिल के पैसे देना चाहा, तो रेस्टोरेंट संचालक ने हाथ जोड़ कर कहा कि आतिथ्य का कोई मूल्य नहीं होता है। उन्होंने कहा आप सिमडेगा के अतिथि हैं इसलिए पैसे नहीं लूंगा। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों का सत्कार कर सभी खिलाड़ियों को विदा किए।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष का कारावास और 50,000 जुर्माने की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद आरोपी को 20 वर्ष कारावास एवं 50000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है इस संबंध में बाणों के गिरदा ओपी कांड संख्या एक 22 दिनांक 5 जनवरी 2022 धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है ।जानकारी देते हुए बताया गया कि कि आरोपी कुल्लू नायक उर्फ कैलाश नायक के द्वारा जब पीड़िता के माता-पिता नजदीक बाजार गए थे तो इसका फायदा उठाते हुए नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, बाद में पीड़िता के माता-पिता घर लौटे तब पीड़िता के द्वारा दी गई। जानकारी के आधार पर ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई ,जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था ।इधर सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया, जिसके फलस्वरूप न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय ने सजा सुनाई अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी के द्वारा पैरवी की गयी। जबकि इस घटना में अनुसंधान कर्ता के रूप में सब इंस्पेक्टर मनीता कुमारी ने अपनी भूमिका निभाई।

## जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान के साथ निकाली पद यात्रा

**सिमडेगा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर सिमडेगा जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की के निर्देशानुसार मंगलवार को सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन्दर तिर्की जी के नेतृत्व में गरजा एवं कोचेडेगा पंचायत के कांग्रेस पदाधिकारियें द्वारा सामूहिक रूप गरजा पंचायत मुख्यालय से पदयात्रा जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन्दर तिर्की, प्रखंड उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव वारिस रज़ा,लेतारेस टोप्पो, जेवियर डूंगदुंग, बसंत कुल्लू, राजू बड़ाइक, जयबीर एक्का, शंकर प्रधान निरल केरकेट्टा, बराजित डुंगडुंग, रोजलिया कुल्लू, शीला देवी,विजय केरकेट्टा, आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुये।

## महाबुवांग थाना प्रभारी ने जनता हाई स्कूल जीतू टोली के बच्चों को पढाया शिक्षा का पाठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो सर्किल के महाबुवांग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने मंगलवार को जनता हाई स्कूल जितुटोली के छात्र छात्राओं को कई जानकारी दिये ।अमरनाथ कुमार सोनी कहा आप लोग मन लगाकर प्रतिदिन पढ़ाई करें।प्रतिदिन विद्यालय आये । साइबर क्राइम से बचें।इस समय मोबाईल द्वारा तरह तरह के मैसेज आते रहते है। किसी तरह के प्रलोभन में नहीं आना है। नशे पालन से दूर रहें। आज पूरे देश में सड़क में अधिक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत हो रही हैं।सावधानी आवश्यक है। जीवन अनमोल है। वाहन चालक ध्यान दे दो पहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट पहन कर चले।साथ ही गाड़ी के कागजात अपने पास जरूर रखें।इसी तरह चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अत्यंत जरूरी है। ध्यान रहे अपने गाँव को शांति मय बनाना है।इसके लिए आप महाबुवांग पुलिस की सहयोग करें ।गाँव में किसी तरह की कोई घटना हो तो इसकी जानकारी थाना को दें अगर नहीं दे पाते हैं तो अपने जनप्रतिनिधियों को सूचना दे। इस महाबुवांग थाना क्षेत्र में हाथियों का आना जाना होता रहता है ।रात्रि में अकेले कहीं न जाएं। जंगली हाथी केआने की सूचना हो तो वचाव के लिये जलावन की प्रबंध कर रखें।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फ़ा अजित पॉल आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आज होगा आयोजन

**कुरडेग।** थाना परिसर में 22 जनवरी बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि सिमडेगा पुलिस के द्वारा बुधवार को दिन के 11 बजे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आमजन अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान पा सकते हैं। इस शिकायत समाधान कार्यक्रम में अगर किन्हीं का मोबाईल खो गया है,सनहा दर्ज की आवश्यकता हो,साईबर फ्रॉड के संबंध में,पारिवारिक विवाद,भूमि विवाद,मुवावजा से संबंधित,मानव तस्करी या अन्य जनता से जुड़ी समस्याओं को रख सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी अपनी समस्याओं को रखने की अपील की है।

### मंदबुद्धि लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**रांची।** सिमडेगा;सिमडेगा के जलडेगा थाना क्षेत्र में एक मंदबुद्धि लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले को मंगलवार को पुलिस ने जेल भेजा। एसडीपीओ सिमडेगा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जलडेगा थाना क्षेत्र में 20 जनवरी को गोसनर नामक व्यक्ति ने दिनदहाड़े गांव की एक मंदबुद्धि लड़की को एकांत में ले जाकर दिनदहाड़े दुष्कर्म किया। जब दुष्कर्म की जानकारी पीड़िता के परिजनों को मिली तब उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जलडेगा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### केलुगा पहानटोली में शादी में कट्टा लेकर धमकाने वाला गया जेल



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के केलूंगा पाहनटोली में बीती देर रात एक शादी समारोह में देशीकट्टा लेकर एक व्यक्ति को धमकाने वाले को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया ।एसडीपीओ कार्यालय सिमडेगा में एसडीपीओ बैजू उरांव के द्वारा प्रेस वार्ता कर बताया कि जलडेगा के केलूंगा पाहन टोली गांव में सिरिल टोपनो के घर शादी समारोह के दौरान नाच गान का कार्यक्रम चल रहा था। इसी क्रम में राजकुमार नायक नामक व्यक्ति देशी कट्टा निकाल कर लहराते हुए कुलदीप नामक व्यक्ति को कट्टा सटा कर धमकाने लगा। जिसे देख ग्रामीण उसे हथियार सहित धर दबोचे और जलडेगा पुलिस को इसकी सूचना दी घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बिना किसी विलंब किए हुए तुरंत पहुंचकर हथियार के साथ उक्त युवक को हिरासत में अपने साथ जलडेगा थाना लाई । इधर इस संबंध में थाना में मामला दर्ज करते हुए आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन आज

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में आज स्वस्थ्य मेला का आयोजन किया गया है ।उक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ ०मनोरंजन कुमार ने बताया कि प्रखण्ड सभी आम जनता हेतु स्वस्थ मेला का आयोजन किया गया। मेला सुबह नौ बजे से पाँच बजे तक होगी ।स्वस्थ्य में बीपी ,सुगर आदि जांच होगी व निःशुल्क दवाई का वितरण किया जायेगा ।आप सभी से अनुरोध है कि मेला का लाभ उठायें।

### बालिका हॉकी खिलाड़ियों को विधायक भूषण बाड़ा ने सिखाई हॉकी

**सिमडेगा।** विधायक सह हॉकी खिलाड़ी भूषण बाड़ा ने मंगलवार को स्टोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंच अंडर 19 बालिका हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी के कई टिप्स दिए। उन्होंने खिलाड़ियों को हॉकी के विभिन्न बारीकियों को भी समझाया। विधायक ने कहा कि कभी सामने वाली टीम को कमजोर समझकर मैदान में न उतरें। कभी कभी सामने वाली टीम को कमजोर समझने की भूल से भी हार मिलती है। उन्होंने कहा कि कोई भी मैच जीतने के लिए टीम में आपसी तालमेल जरूरी है। टीम में शामिल सभी खिलाड़ी न सिर्फ एक खिलाड़ी हैं, बल्कि परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं सोंच के साथ मैदान में उतरें। साथ ही एक दूसरे में मधुर संबंध बनाते हुए आपसी तालमेल दिखाएं। तभी कोई भी प्रतियोगिता में जीत दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि अपना अभ्यास निरंतर जारी रखें। जितना ज्यादा अभ्यास कीजियेगा उतना ज्यादा आपके खेल में निखार आएगा। इंटरनेट के माध्यम से अच्छे खिलाड़ियों का खेल देखें और उनके खेल से सीखने की कोशिश करें। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सह कोच बीरेंद्र लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, समीर किंडो, सिमडेगा बालिका कोच तारणि, आरती,एमा बाड़ा आदि उपस्थित थे।

## नवा टोली में वन अधिकार कानून 2006 को लेकर ग्राम सभा की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रखंड अंतर्गत बीरू पंडरीपानी ग्राम सभा के नवाटोली में मंगलवार को वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष प्रवीण बाडा की अध्यक्षता में किया गया ।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच मिडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून के उल्लंघन या इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने पर दंडात्मक कानूनी करवाई करने का अधिकार है। वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में कोई प्राधिकरण, समिति या अधिकारी या सदस्य बाधा उत्पन्न करे या वनाधिकार मान्यता के नियमों का उल्लंघन करे तो वह या वे अपराध के दोषी समझे जायेंगे तथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाई एवं जुर्माने से डंडित किये जाने की भागी होंगे। वनाधिकार कानून 2006 आदिवासी जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रूप में है। इसलिए अपने सिमाना क्षेत्रों के वनों की प्रबंधन,संवर्धन और संरक्षण करने की जरूरत है।बैठक की संचालन इमानुएल भेंगरा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मार्कुस कुजूर ने किया।बैठक में कलेवर सिंह, बेदंती देवी,रोपनी देवी, झमन कुल्लू, सोमरा टेटे, बासिल मिंज, हिरालाल सिंह,अल्बिस् एक्का,सचिन बड़ा,सुलेमान कुजुर,बरदान टोप्पो,अल्मा केरकेटा, चंपा देवी, जुगनी देवी, सुमित्रा देवी, बंधनी टेटे, बिरसी कंडुलना, मार्था कंडुलना, लालो देवी, सुशीला बखला सहित भारी संख्या में ग्राम सभा के लोग उपस्थित थे।

# माघ जतरा मेले का सांसद कालीचरण मुंडा और विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि माघ जतरा मेला हमारी एतिहासिक धरोहर है। इसे हम सभी को मिलकर सुरक्षित रखना है। माघ जतरा मेला के माध्यम से हमारी संस्कृति को जीवित रखा जा सकता है। ऐसे में इस मेले को आने वाले दिनों में बृहद रुप देने की जरुरत है। सांसद मंगलवार को सिमडेगा विस क्षेत्र के लिटिम कुरूम में आयोजित माघ जतरा मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। मेला का उद्घाटन मुख्या अतिथि के रुप में उपस्थित सांसद कालीचरण मुंडा सहित विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृवतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज हमारी भाषा-संस्कृाति बिलुप्त् होने के कगार पर है। जबकि इसी से हमारी पहचान जुड़ी है। इसे बचाने के लिए सभी लोगों को आगे आने की जरुरत है। मौके पर गुमला जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, मनीष साहू, एस सी जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला महासचिव विजय ठाकुर,20 सूत्री सतनारायण केशरी,विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुषमा केरकेट्टा,विधायक प्रतिनिधि पुरूषोतम कुजूर,विधायक प्रतिनिधि सुशील लकड़ा,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का,मुखिया नरेश पहन,भूषण सिंह,मुखिया कांति केरकेट्टा,पीसीसी डेलीगेट सुसेना लकड़ा,संजय शर्मा,संजय नागरची,ऋषि साहू,प्रमुख सोनी लकड़ा,कमला लकड़ा,अंजलि बड़ा,राधेश्याम ग्वाला,सोनू एक्का,अनुज सोरेंग,बालमुकुंद महतो,राधेश्याम साहू,रमेश सिंह,अनिल खड़िया,राजेंद्र प्रसाद साहू, माठा खड़िया,संजय साहू,बबलू सिंह,रोहित नायक,हुलास महतो,चमरू महली,आदि कांग्रेस परिवार के सम्मानित पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




### प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति को बचाए रखने की जरुरत: विधायक भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि माघ जतरा मेला का आयोजन हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए जरुरी है। ऐसे आयोजन से न सिर्फ हमारी सभ्यता।, संस्कृति और परंपरा जीवित रहेगी। बल्कि मेला के माध्यम से आपसी मेल मिलाप बढ़ता है। स्थानीय लोगों को घर बैठे रोजगार मिलता है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए सामुहिक प्रयास जरुरी है। उन्होंने माघ जतरा मेला को आने वाले दिनों में भव्य रुप देने का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद और विधायक ने हुलास महतो के मांदर की थाप पर नागपुरी गायक पवन रॉय और चिंता देवी के गीतों पर थिरकते हुए नजर आए।

## तिसरी में पंसस की बैठक में रही गहमा-गहमी

# प्रमुख ने वन विभाग की कार्रवाई में गड़बड़ी का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की आहूत बैठक में काफी गहमा - गहमी रही। पहले तो बैठक में कई विभागीय कर्मियों के नहीं पहुंचने के कारण सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए बैठक स्थगित करने की बात कही फिर कुछ कर्मियों के एक-एक कर टपकने के बाद बैठक प्रारंभ की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव और संचालन उप प्रमुख बैजू मरांडी ने किया वही बतौर सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत उपस्थित थे। इस दौरान सदस्यों द्वारा कई विभागीय कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए। सदस्य करण यादव ने प्रधानमंत्री किसान योजना में कथित अंचलकर्मी द्वारा ?2500 रिश्वत मांगने का आरोप लगाया साथ ही कहा कि अबुआ आवास योजना में पंचायत समिति सदस्यों को दरकिनार किया जा रहा है और मनरेगा से आए पैसे का गबन किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित अंचलकर्मी सुधाकर शर्मा ने रिश्वत मांगने की बात खारिज करते की। वही बीडीओ ने अपने स्तर से मामले को देखने की बात कही। सदस्य गोपी रविदास ने चंदौरी में आवास योजना में मनरेगा का पैसा नहीं आने का मामला उठाया। उप प्रमुख बैजू मरांडी ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में विलंब होने का मामला उठाया। विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण मोदी ने वृद्धा और विधवा पेंशन के भुगतान की समस्या का मामला उठाया। भंडारी के मुखिया पिंकेश सिंह ने उनके पंचायत में जेएसएलपीएस संस्था द्वारा दिए जा रहे समूह लोन के पैसे के दुरुपयोग का मामला उठाया। वहीं प्रमुख ने कस्तूरबा विद्यालय से छठ तालाब में छोड़े गए पानी को अभिलंब बंद कराने व उसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सदस्य माला सिन्हा ने कर्मियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं देने का मामला उठाया।

### प्रमुख ने वन विभाग की कार्रवाई पर उठाया सवाल

प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव ने भरी सदन में वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए बीते दिनों लकड़ी जब्ती मामले में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। प्रमुख ने वनकर्मी अक्षय सिंहा और शशि कुमार से पहले कार्रवाई के विषय में पूछा। जिसके बाद प्रमुख ने कहा कि उनके पास शिकायत आई है कि जलावन के लिए घर के भीतर रखी लकड़ियों को विभागीय कर्मियों ने उठकर गाड़ी में डाला और उसे जब्त कर लिया। जिसपर वनकर्मियों ने कटाक्ष करते हुए अपनी कार्रवाई को सही बताया। वहीं प्रमुख व उप प्रमुख ने वनकर्मियों को लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि गरीब बाहुल्य क्षेत्रों में जलावन के लिए थोड़ा बहुत लकड़ी लाता है तो उसे तंग न करें।

## गैरमजरुआ जमीन का मामला पहुंचा जिला मुख्यालय

# ग्रामीणों ने उपायुक्त व अपर समाहर्ता को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी अंचल के चिलगिली मौजा अंतर्गत खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 319, 7 एकड़ 86 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर समाजसेवी राजकुमार शर्मा अब जिला मुख्यालय पहुंच चुके हैं। इस जमीन को सरकारी गैरमजरुआ जमीन बताते हुए समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने कथित भूमाफियाओं द्वारा इसे कब्जाने व मोटी रकम में बेच देने का आरोप लगाया है। इसको लेकर मंगलवार को उन्होंने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। राजकुमार शर्मा ने पूर्व में अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत करते हुए उसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को भी दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आवेदन मिलने के बाद अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद ने जांच टीम का गठन कर कुछ लोगों को नोटिस भी किया गया था। लेकिन उसके बाद मामला शांत पड़ गया। वहीं उक्त जमीन के फोरेस्ट में होने के संदेह पर वनकमीर्यों द्वारा भी वहां पहुंच मुआयना किया गया था।

## न्यूज | बॉक्स

### भूमिज बहुल गांवों में ग्रामीणों ने की माघ बुरु पूजा, सुख-समृद्धि की कामना की



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा से सटे नूतनडीह समेत पोटका के 300 भूमिज बहुल गांव के ग्रामीणों ने माघ बुरु की पूजा की. इस मौके पर जाहिरा में ग्राम देवता से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई. इधर इसके पूर्व धमसा व ढोल नगाड़े बजाते हुए जादूगोड़ा के नुतनडीह गांव जाहिरा में माघ बुरु पूजा के साथ ही आज से शुभ काम का शुभारंभ हो गया. जानकारी हो कि आदिवासी भूमिज- समाज का नया वर्ष पहला माघ यानी 15 जनवरी से प्रारंभ होता है. इस अवसर पर भूमिज समुदाय के हर गांव में सुख-समृद्धि को लेकर पूजा होती है. इस पूजा में लोगों द्वारा गांव की साफ सफाई करते हुए माघ पर्व का प्रारंभ किया जाता है. माघ पूजा के बाद ही गांव के लोग जंगल जाते हैं. जंगल के नए फल-फूल एवं साग सब्जी लगाने तथा शुभ कार्य की शुरूआत करते हैं. इस मौके पर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सिदेश्वर सरदार, उपमुखिया रामेश्वर सरदार, नाया बृहस्पति सरदार, देवरी पटल सरदार, कूड़ाम नाया गुरु पद सरदार, रामेश्वर सरदार, कार्तिक सरदार, भागीरथी सरदार, विष्णु सरदार, सिद्धेश्वर सरदार, प्रकाश सरदार, सुभाष सरदार, मोटू सरदार आदि उपस्थित थे.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर मटिहाना चौक के निकट भारत पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक साइकिल सवार की मौत हो गई. मृतक की पहचान माटिहाना पंचायत अंतर्गत कुंवरदा गांव निवासी देवदास पात्र (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई है. पुलिस लाश को अपने कब्जे में लेकर अपने स्तर से आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार साइकिल सवार देवदास पात्र कंटालिया गांव से मेला देखकर अपने घर लौट रहा था. तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई. मृतक के परिवार में दो बेटी तथा उसकी पत्नी है. झामुमो के वरिष्ठ नेता आदित्य प्रधान, पंचायत समिति सदस्य राहुल वाजपेई, वुधुराम मुंडा आदि भी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी हासिल की.

### शॉर्ट सर्किट से हार्डवेयर गोदाम में लगी आग

**कोडरमा।** जिले के झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड स्थित रोटरी आई हॉस्पिटल के सामने एक हार्डवेयर गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। गोदाम में आग लगने की सूचना पर गोदाम मालिक सोनू कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। हालांकि आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई गई। रोटरी आई हॉस्पिटल के पास उपलब्ध फायर उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आग काफी हद तक नियंत्रित हो चुकी थी। गोदाम के मालिक राजकुमार मोदी ने बताया कि आग लगने की वजह स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट है।

## गावां में नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**गावां गिरिडीह।** गावां थाना में नए थाना प्रभारी के रुप में अभिषेक कुमार सिंह ने मंगलवार को योगदान दिया। विदित हो कि निवर्तमान थाना प्रभारी महेश चंद्र व एसआई पीकू कुमार सिंह को एसपी ने कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। निवर्तमान थाना प्रभारी महेश चंद्र से प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का उन्होंने निरीक्षण किया और पदस्थापित अन्य पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता है। पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव लाकर बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। क्षेत्र के लोगों से भी शांति व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समस्याओं को लेकर जनता सीधे संपर्क कर सकती है। मौके पर पंसस अखलेश यादव, रोहित कुमार, एसआई राहुल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### मासीपीढी-बंडासिंगा बरसोती नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास आज

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के मासीपीड़ी और बंडासिंघा गांव के बीच स्थित बरसोती नदी पर बुधवार को पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा संयुक्त रूप से पुल का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे की जाएगी। उक्त जानकारी विधायक मिडिया प्रभारी यश राज शाहा ने दिया। बताया कि दर्जनों गांव को जोड़ने वाली मासीपीढ़ी और बंडासिंगा के बीच स्थित इस नदी पर पुल नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस नदी पर पुल बनाने को लेकर ग्रामीण वर्षों से मांग कर रहे थे, पुल शिलान्यास कार्य की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। वहीं ग्रामीण पुल शिलान्यास कार्य को लेकर सांसद व विधायक को धन्यवाद दिया। कहा इस पुल का निर्माण हो जाने से हम लोगों को एक गांव से दूसरे गांव की दूरी काफी कम हो जाएगी। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी सहूलियत होगी और हमलोग इस दिन का काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर यूपी पुलिस ले गई रिमांड पर

**दुमका।** जिले के जामा थाना पुलिस की सहयोग से यूपी पुलिस मंगलवार को पोक्सों एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर अपने साथ ले गई। पुलिस ने आरोपित को जामा थाना क्षेत्र के भैरवपुर गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित शिबू कुमार मंडल उर्फ शिवम उर्फ शिवनाथ मंडल है। जानकारी के अनुसार आरोपित शिबू कुमार मंडल को यूपी की पुलिस गिरफ्तार कर गुजरात के अहमदाबाद लेकर गयी। मामले में उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के शक्तिनगर थाना क्षेत्र के चिल्काटांड गांव के शोएब अंसारी ने दो सितंबर 2024 को अपने नाबालिग बहन को भगाने की शिकायत शक्तिनगर थाना में दर्ज कराया था।

### अच्छा स्वास्थ्य व अच्छी समझ जीवन के लिए सर्वोत्तम वरदान : सीईओ

**धनबाद।** एमपीएल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता केन्द्रीय विद्यालय, मैथन परिसर में आयोजित की गई. उद्घाटन एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने किया. प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. महिला व पुरुष संवर्ग में ओवर ऑल चैंपियन किरण कुमारी व राज कुमार राय को सीईओ ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. शेष सभी संवर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया. अपने संबोधन में सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य व अच्छी समझ जीवन के सर्वोत्तम वरदान हैं. यह खेल और खेल भावना से ही संभव है. खेल मानसिक व भावनात्मक विकास को आकार देने में भी सक्रिय भूमिका अदा करता है. खेल समय प्रबंधन, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, टीम वर्क, आत्म-विश्वास, मित्रता, सामाजिक, कौशल का विकास, एकाग्रता, धैर्य, सकारात्मक, समयबद्धता तथा सामूहिक सद्भाव में भी सहायक है. सीएमओ सुधाकर टंडन व डीके गंगवाल ने भी विचार व्यक्त किए.

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली का चल रहा खेल

# बीईईओ ने आधार ऑपरेटर को लगाई कड़ी फटकार



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**

बीआरसी परिसर में आधार कार्ड बनाने और त्रुटि सुधार के नाम पर डेढ़ सौ रुपए की अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह बीआरसी पहुंचकर वहां मौजूद महिलाओं से पूछताछ की जिसमें मामला सही पाया गया। जिसके बाद बीईईओ तितुलाल मण्डल से शिकायत की गई। वहीं मौजूद आधार ऑपरेटर को कड़ी फटकार लगाई और अवैध वसूली नहीं करने की हिदायत दी। सही रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न गांवों के दर्जनों स्कूली बच्चों आधार कार्ड नही बनने से निराश होकर वापस लौटना पड़ा। दरअसल इन दिनों सरकारी स्कूली बच्चों का बैंक में खाता खुलवाना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में बच्चे व अन्य लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए बीआरसी आते हैं। यहां दीपक कुमार व बबिता देवी को आधार कार्ड बनाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। उनके खिलाफ आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत की गई है। पूर्व में इनके ऊपर आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो भी वायरल हुआ था। तब कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। मंगलवार को पिहरा निवासी आरती देवी व अन्य ने इसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह से की। इन्होंने बीइइओ तितुलाल मण्डल से मुलाकात कर अवैध वसूली पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर आधार ऑपरेटर को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार का निर्देश दिया। भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी। वहीं आधार ऑपरेटर दीपक कुमार का कहना है कि अवैध वसूली का आरोप गलत है। यहां मौजूद लोग सभी जल्दबाजी में बनाना चाहते है। नम्बर से बनाने की बात कहने पर झूठा आरोप लगा देते है।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राजेश कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार ने 10वीं कैडेट राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कैडेट अंडर 33 वर्ग में स्वर्ण पदक लाकर अपने स्कूल और पूरे जिले का परचम लहराया। इसी के साथ राजेश का चयन आगामी 27 से 30 जनवरी को होने वाली 7वीं राष्ट्रीय स्तर कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए किया गया। विदित हो कि यह प्रतियोगिता कोटला विजय भास्कर इंदौर स्टेडियम, हैदराबाद - तेलंगाना में होने वाली है। इसमें झारखंड राज्य का अपने वर्ग में नेतृत्व करने के लिए राजेश का चयन किया गया। स्कूल के ताइक्वांडो



प्रशिक्षक मोहम्मद गुलाम हसन ने बताया कि राजेश की इस सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत ,परिवार का सहयोग और खास कर स्कूल के निदेशक डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती का है। जिन्होंने हमेशा राजेश का हौसला बढ़ाया और उनके सफलता में हमेश हर तरीके से साथ देते रहे। हाल ही में राजेश ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्कूल गेम्स जो कि विदिशा मध्य प्रदेश में हुआ था उसमें रजत पदक प्राप्त किया था । झारखंड ओलिंपिक संग की तरफ से उन्हें 60000 का नगद पुरस्कार भी इस उपलब्धि के लिए दिया जाएगा। राजेश की सफलता पर स्कूल में खुशी का माहौल है । साथ ही निदेशक डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती, प्रधानाचार्य स्वाती रंजन ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन, सिनाई अशोक बरनवाल, हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार और स्कूल के सभी शिक्षकों ने राजेश को बधाई दी।


**झारखण्ड सरकार**

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला**

**(जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

**रूम- C 301 नया समाहरणालय, भवन चंदाली, गुमला -835207**

**Email id- sportsgumla@gmail.com**

**सिरा-सीता राजकीय मेला 2025 हेतु**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

गुमला जिलन्तर्गत डुमरी प्रखण्ड के आकासी पंचायत में अवस्थित पर्यटन स्थल सिरा-सीता में प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में लगने वाले मेला/जतरा को राजकीय मेला घोषित किया गया है। जो इस वर्ष दिनांक-05 एवं 06 फरवरी 2025 को निर्धारित है। उक्त भव्यता पूर्ण आयोजन के निमित मुख्य अतिथितियों, प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/सुरक्षा बला, वेलेटिरियस इत्यादि के लिये नास्ता, भोजन, पानी बोलत, पानी जार इत्यादि के आवश्यकता है। जिसके लिये अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है। नास्ता, भोजन, पानी बोलत, पानी जार इत्यादि का दर निर्धारण हेतु अतिअल्पकालिन निविदा दिनांक-28.01.2025 को मध्य० 12:00 तक इच्छुक निबंधित आपूर्तिकर्त्ता/फर्म नीचे अंकित शर्तो के अधीन अतिअल्पकालिन निविदा समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा दिनांक-28.01.2025 को अप०- 02:00 खोला जायेगा।

नोट - अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिये जिले के वेब साइट- www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

ह०/-

जिला खेल पदाधिकारी, गुमला

PR 344840 District(24-25).D


## झरिया व पाथलडीह में आयोजित हुआ खुशी क्लास, बोले गूंज

# सकारात्मकता ही दिलाएगी सफलता

*विजेता बोलते हैं, मुझे कुछ करना चाहिए, हारने वाले बोलते हैं, कुछ होना चाहिए....*



**नवीन मेल संवाददाता। झरिया**

धनबाद। मंगलवार को गुजराती हिंदी उवि झरिया और राजकीयकृत डीएवी प्लस टू पाथरडीह में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास का संचालन गुजराती उवि के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण व डीएवी के प्राचार्य अरविंद पांडे ने किया। खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित दो कहानी भी सुनाई--एक गांव में दो मित्र थें। गांव के 5 किमी की परिधि में तकरीबन 30 गांव थें। पढ़ाई के लिए एकमात्र प्राथमिक विद्यालय थी। एक मित्र सोचता, यहां शिक्षा के लिए कुछ होना चाहिए। दूसरा मित्र सोचा, मुझे अपने गांव के लिए कुछ करना है। वह अपने खेतिहर जमीन का एक टुकड़ा बेच कर गांव में स्कूल बनाने लगा। उसका हौसला देख ग्रामीणों ने भी मदद शुरू कर दी। 3-4 साल के अंदर उसका स्कूल पूरे एरिया में प्रशिद्ध हो गया। 2 हजार छात्र हो गए। उसकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई। पहला मित्र सोचता रहा, दूसरा मित्र बाजी मार ले गया। शिव खेरा की सुनें 'विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए'। साथ ही धीरूभाई अंबानी की भी सुन लें 'बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे की सोचो क्योंकि विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है'। मौके पर सोनाली प्रशाद, राहुल चौबे, दयानंद सिंह यादव, भारती रानी, अनिल कुमार गुप्ता, रिंटू राय आदि मौजूद थें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन खुशी दूत संदीप कुमार शाह ने किया।

# बीबीएमकेयू में पीजी सेमेस्टर 3 की परीक्षा 8 फरवरी से



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) परीक्षा विभाग ने पीजी सेमेस्टर 3 (सत्र 2023-25) की परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी है. परीक्षा आठ फरवरी से शुरू होगी. विवि ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. छात्र परीक्षा फॉर्म 24 जनवरी से 28 जनवरी तक भर सकते हैं. वहीं, 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 29 से 31 जनवरी तक और 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ एक और दो फरवरी को परीक्षा फॉर्म भरा जा सकता है. इधर, परीक्षा तिथि की घोषणा से पीजी इकोनॉमिक्स के छात्रों में निराशा है. दरअसल, इकोनॉमिक्स विभाग में शिक्षक की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई है. छात्रों का कहना है कि उनका अभी आधा सिलेबस ही पूरा हुआ है. शिक्षक नहीं रहने के कारण बचे हुए पाठ्यक्रम को पूरा करने की उम्मीद काफी कम है. ऐसे में वे परीक्षा में लिखेंगे इसकी कल्पना की जा सकती है.


Annexure 1

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**

**लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0 निविदा संख्या-WRD/MID/RAMGARH F2 - 16/2024-25**

**3rd Call** दिनांक-21.01.2025

1 योजना का नाम — जिला अनावद्ध निधि से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ

2 विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

3 ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि — 24.01.2025 2:00 बजे अपराह्न

4 ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय — 30.01.2025 5:00 बजे अपराह्न

5 ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय — 01.02.2025 2:00 बजे अपराह्न

6 (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई-मेल — कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। मो0-8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com

| क्र० | प्रखण्ड | ग्राम/ पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/5 | रामगढ़ | वार्ड नं० 05 | छोटकी मुर्राम, बिमलेश सिंह के घर से रंजीत साव के घर तक पी०सी०सी० पथ निमाण। | 12,72,000.00 | 2,500.00 | 06 (छः) माह |
| 1/6 | रामगढ़ | वार्ड नं० 03 | सौदागर मुहल्ला के रामचन्द्र जयसवाल के घर से दुसाध मुहल्ला ईमली पेड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 15,73,600.00 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |

नोट- केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट-Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 344824 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

